# प्रतापगढ़ और देवरिया में 8000 करोड़ रुपए से अधकि की दस राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई

## चर्चा में क्यों

12 जून, 2023 को केंद्रीय सड़क परविहन और राजमार्ग मंत्री नतिनि गडकरी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ की उपस्थितिमें प्रतापगढ़ क्षेत्र में 2,200 करोड़ रुपए की 5 और के देवरिया में 6,215 करोड़ रुपए की 5 एनएच परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

## प्रमुख बदिु

- केंद्रीय सड़क परविहन और राजमार्ग मंत्री नतिनि गडकरी ने कहा कि1290 करोड़ रुपए की लागत से प्रतापगढ़ से सुल्तानपुर तक बन रहे राष्ट्रीय राजमार्ग 330 के 43 कमी. के चौड़ीकरण से अयोध्या होते हुए प्रयागराज से प्रतापगढ़ जाने में लगने वाले समय में कमी आएगी।
- उन्होंने कहा किराज्य के प्रतापगढ़ में 309 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावति 14 कमी. बाईपास का नरि्माण कार्य भी शीघ्र शुरू होगा। राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर 27 करोड़ रुपए की लागत से स्ट्रीट लाइट, बस शेल्टर आदकि लिये सड़क सुरक्षा कार्य कयिा जाएगा।
- प्रतापगढ़-मुसाफरिखाना खंड के नरि्माण से सीमेंट प्लांट, गैस प्लांट, बॉटलगि प्लांट और डेयरी मल्कि फैक्ट्री उद्योगों के वकिास को गतमिलिेगी। इन सभी परियोजनाओं से उत्तर प्रदेश में नविश को प्रोत्साहन मलिेगा और रोज़गार के नए अवसर पैदा होंगे।
- देवरिया में 1750 करोड़ रुपए की लागत से 22 कमी. 4-लेन बाईपास का नरि्माण अगस्त, 2023 में सौंपा जाएगा।
- इन परियोजनाओं से देवरिया और गोरखपुर के पछिड़े क्षेत्रों को लाभ मलिेगा तथा बहिार के साथ संपर्क भी बेहतर होगा।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/foundation-stone-of-ten-national-highway-projects-worth-over-rs-8000-crore-laid-in-pratapgarh-and-deoria